नगरीय निकायों को विभिन्न मदों में 74.88 करोड़ आबंटित

उप मुख्यमंत्री साव के अनुमोदन के बाद आदेश जारी

● रायपुर / राज न्यूज नेटवर्क

छग में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के 158 नगरीय निकायों में विभिन्न मदों में कुल 74 करोड़ 88 लाख 17 हजार रुपए आबंटित किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने सभी निकायों को राशि आबंटन के आदेश जारी कर दिए हैं।

प्रदेश के 10 नगर निगमों को कुल। 45 करोड़ 7 लाख 90 हजार रुपए आबंटित किए हैं। वहीं 48 नगर पालिकाओं को कुल 18 करोड़ 60 लाख 34 हजार रुपए तथा 100 नगर पंचायतों को कुल 11 करोड़ 19 लाख 92 हजार रुपए आबंटित किए गए हैं। विभाग द्वारा निकायों को अनिवार्य निधि, राजस्व वसूली, चुंगी क्षतिपूर्ति, उत्पाद कर, बार लाइसेंस तथा मुद्रांक मद के अंतर्गत यह राशि आबंटित की गई है। इस राशि से नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति को मजबूती मिलेगी। इससे स्थानीय स्तर पर वेतन भुगतान तथा सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान के साथ ही मरम्मत, संधारण कार्यों तथा अतिवृष्टि जैसी परिस्थितियों से निपटने में भी सहायता मिलेगी।

सतना में मंदाकिनी के रौद्र रूप से सड़कें बनीं नदियां-चलीं नावें, जिगनहट मार्ग बंद, 200 गांवों से जिले का संपर्क टूटा

सतना जिले और चित्रकूट में पिछले 24-48 घंटों से जारी है मूसलाधार बारिश

● सतना / राज न्यूज नेटवर्क

जिले और चित्रकूट में पिछले 24-48 घंटों से जारी मूसलाधार बारिश के चलते हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के उफान पर आने से रामघाट और आसपास का इलाका जलमग्न हो गया है, वहीं सतना के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नाले के तेज बहाव में बहे एक चरवाहे की दर्दनाक मौत हो गई।

बारिश और बाढ़ के चलते जिले भर में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मंदाकिनी नदी के बढ़ते जलस्तर से रामघाट के लंका तिराहे पर कामतानाथ और सीतापुर रोड पूरी तरह डूब गए हैं। हालात इतने विकट हैं कि मुख्य सडक़ों पर वाहनों की जगह नावें चलती नजऱ आ रही हैं।नदी का



जलस्तर बढऩे से सतना-जिगनहट मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग की है, जिससे करीब 200 गांवों के ग्रामीणों का सतना जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क टूट गया है।

20 घंटे बाद मिला चरवाहे का शव: सिविल लाइन थाना क्षेत्र के भूमकहर गांव में नाले के तेज बहाव में बहे 60 वर्षीय चरवाहे का शव घटना स्थल से 1 किलोमीटर दूर झाडिय़ों में फंसा मिला। स्ठश्वक्रस्न, होमगार्ड और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया।

जिगनहट मार्ग और नदी घाटों पर रोक के बावजूद लोगों की आवाजाही जारी है। ग्रामीणों ने हादसों की आशंका जताते हुए घाटों पर पुलिस/होमगार्ड जवानों की सख्त तैनाती और मजबूत बैरिकेडिंग की मांग उठाई है। प्रशासनिक स्तर पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, नायब तहसीलदार, नगर परिषद सीएमओ और एसडीईआरएफ की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर निगरानी रख रही हैं।

चलती ट्रेन में गर्भवती महिला की तबीयत बिगड़ी, हुई मौत

● बैतूल / राज न्यूज नेटवर्क

सिकंदराबाद से दानापुर जा रही ट्रेन में चार माह की गर्भवती महिला की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद आज बैतूल में मौत हो गई। महिला की नाक से खून आने के बाद हालत गंभीर हो गई थी। बैतूल रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की मदद से उसे ट्रेन से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान बिहार के बक्सर निवासी रिंकी कुमारी (30) के रूप में हुई है। वह अपने पति हरेंद्र यादव के साथ सिकंदराबाद से दानापुर-बक्सर जा रही थीं। दंपती ट्रेन के स्लीपर कोच में यात्रा कर रहा था।

पति हरेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार को काजीपेट रेलवे जंक्शन के आसपास रिंकी की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और उनकी नाक से खून आने लगा। हालत लगातार खराब होने पर उन्होंने ट्रेन में रेलवे कर्मचारियों से मदद मांगी, लेकिन तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं मिल सकी। बैतूल रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जीआरपी की मदद से महिला को ट्रेन से उतारकर जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

▶ पीएम मत्स्य संपदा योजना से 956.86 करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत

छत्तीसगढ़ बनेगा देश का अग्रणी मत्स्य हब: केंद्रीय सचिव लेखी

तिलापिया उत्पादन को बढ़ाने प्रदेश में रायपुर, धमतरी और कांकेर कलस्टर होगा विकसित

● रायपुर / राज न्यूज नेटवर्क



केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के सचिव अविलक्ष्य लेखी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मत्स्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में परिवर्तनकारी पहल है। योजना के जरिए किसानों को आधुनिक तकनीक, वित्तीय सहायता और जरूरी अधोसंरचना उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को बैंकिंग सेवाओं से दूर छोटे और मध्यम मत्स्य किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए बैंकों के साथ बेहतर समन्वय और संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए। लेखी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मत्स्य उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। केंद्र देशभर में 34 मत्स्य क्लस्टर विकसित कर रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ का तिलापिया क्लस्टर भी शामिल है। राज्य में मत्स्य क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं पर करीब 900 करोड़ रुपये खर्च और स्वीकृत किए जा चुके हैं। इससे तिलापिया उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की मछलियों का निर्यात आयरलैंड और शिकागो सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हो रहा है। प्रदेश में दो हजार से अधिक किसान तिलापिया पालन कर रहे हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव ने अधिकारियों को मत्स्य उत्पादन बढ़ाने, किसानों की आय में वृद्धि, वित्तीय समावेशन, गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन तथा निर्यात क्षमता को और मजबूत करने के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में नाबार्ड, एमपीईडीए , सीफा सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। अंत में मत्स्य पालन विभाग के संचालक एन.एस. नाग ने आभार व्यक्त किया। बढ़ी संख्या में मत्स्य किसान एवं छत्तीसगढ़ राज्य मछुआरा बोर्ड के चेयरमेन उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ देश में चौथे और मछली उत्पादन में छठे स्थान पर

कृषि उत्पादन आयुक्त एवं मत्स्य पालन विभाग के सचिव ने बताया कि राज्य मत्स्य बीज उत्पादन में देश में चौथे और मछली उत्पादन में छठे स्थान पर है। प्रदेश में 2.08 लाख हेक्टेयर जलक्षेत्र से 9.59 लाख मीट्रिक टन मछली उत्पादन हो रहा है। पिछले छह वर्षों में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 956.86 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिसमें 272.37 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि बायोफ्लॉक, आरएएस, केज कल्चर, तालाब, कोल्ड स्टोरेज और फीड मिल जैसी आधुनिक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। कोरबा के बांगो जलाशय में 37.10 करोड़ रुपये से एक्वा पार्क बनाया जा रहा है। वर्ष 2026-27 के लिए 378.57 करोड़ रुपये की कार्ययोजना स्वीकृत की गई है।

पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन का ट्रायल सफल, यात्रा जल्द

मध्य प्रदेश की एकमात्र हेरिटेज ट्रेन के संचालन की तैयारियां अंतिम चरण में

● इंदौर / राज न्यूज नेटवर्क



मध्य प्रदेश की एकमात्र पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन के दोबारा संचालन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रेलवे ने गुरुवार को पातालपानी से कालाकुंड के बीच ट्रेन का सफल ट्रायल रन किया। इस दौरान अधिकारियों ने ट्रैक, कोच और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। माना जा रहा है कि शनिवार से ट्रेन पर्यटकों के लिए शुरू हो सकती है। हालांकि, नियमित संचालन का नोटिफिकेशन रेलवे की अंतिम जांच के बाद जारी किया जाएगा।हेरिटेज ट्रेन के सभी छह कोच रखरखाव के लिए बीकानेर भेजे गए थे। मरम्मत के बाद कोच पिछले सप्ताह इंदौर के लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पहुंचे, जहां से उन्हें मालगाड़ी के जरिए पातालपानी लाया गया। भारी क्रेनों की मदद से सभी कोच ट्रैक पर उतारे गए। ट्रेन में चार नॉन-एसी और दो एसी विस्टाडोम कोच होंगे। रेलवे के अनुसार टिकट की बुकिंग केवल ऑनलाइन होगी। करीब 9.5 किलोमीटर का यह सफर घने जंगलों, झरनों, प्राकृतिक वादियों और सुरंगों के बीच से गुजरता है। ट्रेन के शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही बढऩे के साथ स्थानीय पर्यटन कारोबार और रोजगार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

▶ राजधानी भोपाल के कन्या माध्यमिक शाला स्टेशन एरिया का मामला

सवा तीन सौ लाड़लियों के लिए स्कूल में बैठने तक की जगह नहीं,टीन शेड में चल रही क्लास

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

सरकारी खजाने से करोड़ों खर्च के बाद भी राजधानी के स्कूलों की हालत दयनीय है। कुछ स्कूलों में छात्र-छात्राएं पर्याप्त हैं लेकिन यहां मूलभूत सुविधाएं ही नहीं हैं।

एक तरफ स्कूल शिक्षा विभाग बेहतर शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने की दावे करते हैं। दूसरी ओर राजधानी में स्कूलों की हालत ठीक नहीं है।

शिक्षकों की मेहनत से कन्या मिडिल स्कूल स्टेशन एरिया में तीन सैकड़ा से अधिक बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। लेकिन यहां समुचित बैठने की व्यवस्था नहीं है। कक्षों के अभाव में यहां पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा वैकल्पिक तौर पर टीन शेड लगाये हैं। जहां पर बालिकाओं को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। विद्यालय में 9 कक्ष हैं। जिसमें अकेले तीन कक्ष तो स्टॉफ के लिए ही हैं। बकाया बच्चों के लिए छोड़े गये हैं।

लेकिन संख्या अधिक होने के कारण बच्चों के बैठने की संपूर्ण और उत्तम व्यवस्था नहीं बन पा रही है। नियम अनुसार एक कक्षा में 40 बच्चे ही बैठ सकते हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी यहां बेटियों के अध्यापन के लिए समुचित व्यवस्था नहीं जुट पा रही है।



शिक्षकों की मेहनत से यहां पर ज्यादा छात्रों का नामांकन

कन्या स्टेशन एरिया मिडिल शाला में आसपास के स्कूलों से सबसे अधिक बच्चे हैं। शिक्षकों की मेहनत के कारण यहां पर बच्चों का ज्यादा से ज्यादा नामांकन हुआ है। हर साल यहां बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। लेकिन अब सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि बैठने का अभाव होने के कारण प्रतिदिन यहां पर छात्राओं की परेशानियां बढ़ रही है। इस संदर्भ में डीपीसी सिद्धार्थ कुमार जैन का कहना है कि कन्या स्टेशन मिडिल स्कूल का हम टीम बनाकर निरीक्षण करवा रहे हैं। वहां यह देखा जाएगा कि बच्चों को बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था कैसे मिल सकती है। स्थल का चयन करके यहां अतिरिक्त कक्ष बनाए जाने के लिए आगामी वार्षिक कार्य योजना में इसे शामिल कर लिया जाएगा।

स्कूल में पिछले साल आवंटित बजट खर्च नहीं होने के कारण हो गया लैप्स

पिछले साल यहां पर अतिरिक्ष कक्ष बनाए जाने के लिए राशि जारी हुई थी। लेकिन समय पर निर्माण काम नहीं होने से यह राशि ब्लॉक हो गई है। अब स्थिति यह है कि विद्यालय में टीन लगाई गई है। जहां पर बच्चों को बैठाकर पढ़ाई करवाई जा रही है। वहीं पर इन्हीं मध्यान भोजन करवाया जाता है। शिक्षकों का क्या कहना है कि बारिश में जहां दिक्कत होती है तो गर्मियों में सबसे अधिक मुसीबत बढ़ती है। जैसे ही फरवरी निकलता है तो टीन तपती है। जिसके कारण बच्चों को भी गर्मी के कारण बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या वरिष्ठ कार्यालय को भी बताई जा चुकी है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

इंदौर में 30 कछुए जब्त, दो युवक गिरफ्तार, ग्राहकों की तलाश में थे

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की बड़ी कार्रवाई

● इंदौर / राज न्यूज नेटवर्क



वन्य प्राणियों की तस्करी के खिलाफ स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने इंदौर में कार्रवाई करते हुए कछुआ तस्करी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग प्रजातियों के 30 कछुए बरामद किए हैं। पुलिस ने गुरुवार को खुलासा किया।स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स को सूचना मिली थी कि दो युवक कछुए बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने योजना बनाकर दोनों को पकड़ लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुसाखेड़ी निवासी केशव शर्मा और रोहन गौड़ के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि केशव ग्राहकों से संपर्क कर कछुओं का सौदा करता था, जबकि रोहन उन्हें ग्राहकों तक पहुंचाता था। दोनों मिलकर कछुओं की तस्करी कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान टीम ने उनके कब्जे से विभिन्न प्रजातियों के 30 कछुए बरामद किए। कछुओं को जब्त करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। वन विभाग की टीम मामले की आगे जांच कर रही है।

यातायात नियम तोड़ा तो लाइसेंस होंगे निलंबित

राजनांदगांव, आरएनएन। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नियमों का बार-बार उल्लंघन तथा खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। यादव ने गुरुवार को रेंज के सभी जिलों के यातायात नोडल अधिकारियों और प्रभारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में निर्देश दिए।

पेज 1 का शेष

हाई पावर्ड कमेटी करेगी जंतर-मंतर...

अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए साफ किया कि एचपीईसी की जांच केवल एक बार की कवायद नहीं होगी। कमेटी संबंधित मुद्दों का लगातार और समय-समय पर आकलन करेगी। इसके साथ ही वह अपनी अंतरिम रिपोर्ट भी समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट को सौंपेगी, ताकि अदालत जरूरत के मुताबिक कदम उठा सके और उचित निर्देश जारी कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों के साथ हुई बातचीत के आधार पर कमेटी के सामने कुछ मुद्दों को प्राथमिकता से रखने की बात कही है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण मामला महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित रूप से निशाना बनाकर की गई हिंसा, उत्पीड़न और छेड़छाड़ का है। अदालत ने आरोपों की संवेदनशीलता को देखते हुए एचपीईसी से इस पहलू पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करने को कहा है।

यूजीसी के जातीय भेदभाव नियमों...

अदालत ने सरकार से इस विषय पर विचार करने के लिए प्रतिष्ठित न्यायविदों की एक समिति गठित करने की बात भी कही थी। पीठ का हिस्सा रहे जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने सुनवाई के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थिति ऐसी नहीं होनी चाहिए कि भारत में भी अलग-अलग समुदायों के लिए अलग-अलग स्कूल या संस्थान होने जैसी स्थिति पैदा हो जाए। अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि यदि किसी जाति का आर्थिक रूप से संपन्न छात्र उसी जाति के किसी दूसरे छात्र को परेशान करता है, तो नए नियम ऐसी स्थिति से किस तरह निपटेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी कि इस तरह की व्यवस्था का समाज के शरारती तत्वों द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है।

कांग्रेस ने वंदे मारतम के दो टुकड़े...

बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 1937 के सीडब्ल्यूसी के उस प्रस्ताव के कुछ अंश भी पढ़े जो महान नेताओं की मौजूदगी में पारित हुआ था और जिसमें वंदे मातरम के दो अंतरों के गायन का निर्णय लिया गया था। बहरहाल, वंदे मातरम् के सिर्फ दो अंतरा गाने के कांग्रेस के फैसले पर अमित शाह ने चेन्नई में एक बातचीत में कहा, कांग्रेस ने देश विरोधी फैसला लिया है। कांग्रेस के फैसले का बीजेपी निंदा करती है। कांग्रेस ने लाखों शहीदों का अपमान किया है। पूरा गीत राष्ट्रीय एकता के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि 1937 में कांग्रेस ने जो फैसला लिया था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 80 साल बाद सुधारा है। देश की जनता उसका विरोध नहीं सहेगी। अमित शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी एक बार फिर तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं। राष्ट्रगीत पूरा न गाना अवहेलना है।

सज्जन कुमार का तिहाड़ जेल में...

इसके बाद वर्ष 1977 में दिल्ली नगर निगम के पार्षद चुने गए। जल्द ही दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महासचिव पद मिला। 1980 में बाहरी दिल्ली सीट से सांसद चुने गए। यह उनकी पहली बड़ी जीत थी। 1991 और 2004 में भी उन्होंने इसी सीट से चुनाव जीतकर संसद में स्थान पाया। वर्ष 2004 में उन्हें रिकॉर्ड 8 लाख 55 हजार अधिक वोट मिले थे। बाहरी दिल्ली में उनकी पकड़ मजबूत मानी जाती थी। वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों ने सज्जन कुमार के जीवन को तहस-नहस कर दिया। दरअसल, इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के दंगों में उनकी भूमिका को लेकर गंभीर आरोप लगे। 34 साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अदालतों ने उन्हें दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई।

थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी पर पुनर्विचार...

जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि नेटिव यानी मूल निवासी शब्द के इस्तेमाल को लेकर भी उन्हें गंभीर आपत्ति है, क्योंकि इसमें औपनिवेशिक सोच की झलक मिलती है। उनके मुताबिक इसके बजाय इंडिजिनस यानी देशज या स्वदेशी शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। जस्टिस बागची ने अपनी टिप्पणी में कहा कि भारत में अंग्रेजी की ऐतिहासिक मौजूदगी और समाज में उसकी गहरी जड़ों को भी ध्यान में रखना होगा। उन्होंने कहा, हमें यह देखना होगा कि अंग्रेजी को किस हद तक गैर-देशज भाषा माना जा सकता है। मुझे व्यक्तिगत रूप से नेटिव शब्द को लेकर गंभीर आपत्ति है। इसमें औपनिवेशिक भाव है। इसके बजाय इंडिजिनस शब्द होना चाहिए। अंग्रेजी के भारत में ऐतिहासिक विकास और भारतीय समाज में उसकी जड़ों को देखते हुए हमें इस पर अंतिम फैसला लेना होगा। हालांकि नीति बनाना आपका अधिकार है, लेकिन संवैधानिक दृष्टि से यह देखना होगा कि अंग्रेजी गैर-देशज भाषा है या देशज। ऐसा करने से मौजूदा व्यवस्था की कई खामियां दूर हो सकती हैं। तीन भाषा व्यवस्था के तहत कक्षा 6 से तीसरी भाषा पढ़ाने की व्यवस्था को लेकर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं। संसद की एक समिति ने भी इस व्यवस्था में कई कमियां बताते हुए कहा है कि स्कूलों को तीसरी भाषा लागू करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। सबसे बड़ी दिक्कत भाषा शिक्षकों की भर्ती, पढ़ाई की सामग्री उपलब्ध कराने और शिक्षकों को प्रशिक्षण देने को लेकर सामने आई है।

अमेरिकी संस्था की मांग...

महमूद की यह टिप्पणी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की अमेरिका यात्रा से कुछ सप्ताह पहले आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क में यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशंस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका आने वाले हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग (एएचईएडी) कर रहा है। यूएससीआईआरएफ के आयुक्त जीन मिल्स ने कहा कि आरएसएस के नेताओं को अमेरिका में उच्चस्तरीय बैठकों या राजनयिक शिष्टाचार के जरिए सम्मानित नहीं किया जाना चाहिए।

मोदी सरकार का अब वन डे, वन...

इन मुलाकातों में शिक्षा, रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, परीक्षा व्यवस्था और युवाओं से जुड़े दूसरे मुद्दे प्रमुखता से उठ सकते हैं। सरकार की कोशिश है कि दिल्ली या मंत्रालयों तक सीमित रहने के बजाय केंद्रीय मंत्री सीधे विश्वविद्यालय परिसरों में पहुंचें। इससे छात्रों को अपनी बात सरकार के प्रतिनिधियों तक सीधे पहुंचाने का मौका मिलेगा।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/09/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

पंधुरना एम पी, 0137680700004072, 4088, 4101, 4124, 4125, 4686, 4691, 4706, 4717, 4728, 4730, 4737, 0137680730003791, 5669, 5700, 5702, 5703, 5704, 5711, 5715, 5717, 5722, 5728, 5743, 5745, 5750, 5755, 0115, मंदसौर, नई आबादी मंदसौर, 0131710700011831, 3813, 3828, 0255, 0131710730023218, 3219, 6832, 6845, 6866, 6889, 6894, 6895, 6903, 6909, 6912, 6914, 6917, 6920, 6922, 6924, 6925, 6932, 6935, 6945, 6969, स्टेशन रोड मंदसौर, 0131720700012131, 2139, 2142, 2154, 2163, 2164, 2170, 2180, 2182, 2184, 0131720730046165, 2406, 2414, 2416, 2417, 2418, 2420, 2421, 2424, 2432, 2435, 2445, 2453, 2462, 2473, 2494, 2496, 2497, 2507, 2509, 2516, 2532, 2540, 2555, नीमच, मानसा, 0138270700005275, 5283, 5330, 6181, 6182, 6185, 6190, 6199, 6209, 6213, 6238, 6243, 6265, 6270, 0138270730011234, 1281, 4081, 4083, 4089, 4099, 4113, 4123, 4128, 4130, 4133, 4142, 4143, 4147, 4154, 4159, 4183, 4187, 4190, 4201, 4203, नीमच, 0138110700005369, 5411, 5412, 5455, 6117, 6142, 6144, 6153, 6155, 6160, 6163, 6164, 6181, 6182, 6186, 0138110730015358, 5876, 6597, 6600, 9588, 9603, 9607, 9609, 9615, 9622, 9638, 9651, 9654, 9673, 9674, 9675, 9678, 9683, 9694, 9721, 9723, 9741, 9743, 9744, 0243, टगोर मार्ग नीमच, 0133340700022234, 2339, 3358, 3369, 3397, 3419, 3425, 3439, 3456, 3458, 3461, 3468, 0133340730045024, 5116, 9876, 9886, 9908, 9909, 9913, 9918, 9934, 9938, 9941, 9945, 9963, 9966, 9973, 9998, 9999, 0004, 0015, 0016, 0038, 0053, रतलाम, गायत्री टॉकिज रोड रतलाम, 0127740700020877, 1192, 1198, 2019, 2023, 2040, 2047, 2055, 2093, 2096, 2100, 2109, 0127740730022157, 7140, 7152, 7161, 7162, 7163, 7167, 7168, 7170, 7171, 7176, 7191, 7209, 7210, 7211, 7234, 7236, 7237, 7239, 7247, 7260, 7276, 7303, 7307, 7310, 7311, 0401, न्यू रोड रतलाम, 0129740700020600, 1629, 1673, 1677, 1684, 1685, 0129740730026606, 2030, 2109, 2110, 2111, 2113, 2114, 2115, 2149, 2150, 2158, 2160, 2168, 2181, 2199, 2203, 2225, 2238, 2262, स्टेशन रोड जलरा, 0131060700016481, 7280, 7281, 7297, 7308, 7330, 7337, 7351, 7363, 7364, 7368, 7370, 0131060730022950, 2957, 2980, 2982, 2993, 2998, 3017, 3032, 3035, 3036, 3074, 3088, 3091, 3099, 3100, 3116,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल

ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या SnT-RTM-26-Tele-02R दिनांक: 19.08.2026 निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित के संबंध में दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग रतलाम मंडल- (i) इंदौर-देवास-उज्जैन सेक्शन: लेवल क्रॉसिंग नंबर 10,13,34 और 36 को खत्म करने के लिए सबवे (RUB) बनाना (ii) नीमच-रतलाम सेक्शन में LC नंबर 141 पर RUB का निर्माण। (iii) नीमच-रतलाम सेक्शन में Br.No. 429 और 430 के बीच RUB का निर्माण (JAO-BRLA सेक्शन के बीच)। **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 25,53,586.82/- (रुपये पच्चीस लाख तिरपन हजार पाँच सौ छियासी और बयासी पैसे मात्र) **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य **बयाना राशि :** Rs.51,100.00/- **कार्य पूरा करने की अवधि:** दस (10) महीने **ई-निविदा जमा करने के लिये बंद करने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 11/09/2026 समय 15:00 बजे तक **ई-निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 11/09/2026 समय 15:30 बजे के बाद **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन । यह टेंडर **https://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर देखा जा सकता है । निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होने चाहिए और IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए । केवल पंजीकृत निविदाकार ही e-Tendering में भाग ले सकते हैं । सभी संबंधित दस्तावेज e-Tendering में भाग लेने के समय अपलोड करने होंगे ।

Apex/215

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly